## सार-समाचार

### 'वॉक फॉर क्वालिटी' का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार के कन्ज्यूमर फूड एण्ड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय मानक ब्यूरों व गीतांजली इन्स्टिटियूट ऑफ टेक्नीकल स्टडीज, (गिट्स) डबोक, उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में उपभोक्ताओं को गुणवत्ता के प्रति जागरूक करने के लिए "वॉक फॉर क्वालिटी" का आयोजन किया गया जिसमें गिट्स के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर क्वालिटी के प्रति सचेत किया। संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने गुणवत्ता के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि भारत वैश्विक बाजार में सबसे ज्यादा उपभोक्ता के रूप में उभर रहा हैं। ऐसे में कम्पनीज भ्रामक विज्ञापनों के जरिये लोगों को रिझाने में लगी हुई हैं। जिससे उपभोक्ताओं को गुणवक्ता की परख करने में काफी मुश्किल हो रही हैं। भारत आज के समय में युवाओं का देश हैं ऐसे में युवा क्वालिटी के मिशन को पूरा करने में अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। इसी उद्देश्य से इस "वॉक फॉर क्वालिटी" का आयोजन किया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बेनर्स पोस्टर्स और स्लोगन के माध्यम से लोगों को शिक्षा सेवा उत्कृष्टता और गुणवत्ता के बारे में जागरूक किया। संयोजक डॉ. विजेन्द्र कुमार मौर्य के अनुसार रैली में 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेते हुए जो गुणवता अपनायेगा वही आगे जायेगा, क्वालिटी सर्कल है जहां खुशहाली है वहां, गुणवता का एक ही आधार, जिस पर हो सबका विश्वास जैसे नारों से फतहसागर पाल को गुंजायमान कर दिया। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डेनिस जांगिड ने किया।

### कान्फ्रेंस का आगाज आज

**उदयपुर, (कासं)।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के संघटक विज्ञान संकाय एवं प्रबंध संकाय के संयुक्त तत्वावधान में संसटेनबल डवलपमेंट इन इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट विषय पर आयोजित दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस का आगाज सोमवार को प्रातः 10.30 बजे महाविद्यालय के सभागार में होगा। अधिष्ठाता डॉ. रेणू राठौड़ ने बताया कि उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि श्री गोविंदगुरु यूनिवर्सिटी गोदरा गुजरात के कुलपति प्रो. प्रताप सिंह चौहान, वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी कोटा के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी, मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा होंगे। निदेशक डॉ. रजनी अरोड़ा, डॉ. विवेक चपलोत ने बताया कि दो दिवसीय इस कांफ्रेंस के विभिन्न सेशन्स होंगे जिसमें देश-विदेश से 200 से अधिक विषय विशेषज्ञ एवं शोधार्थी भाग लेंगे। चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़, कुल सचिव मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार हो रही इस कॉन्फेंस की तैयारियॉ अंतिम स्तर पर है। बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है।

### साप्ताहिक धरना प्रदर्शन जारी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राजस्थान शिड्यूल एरिया संघर्ष समिति की ओर से कलेक्ट्ररी गेट पर पिछले 10 वर्ष से प्रत्येक रविवार को दिया जाने वाला साप्ताहिक धरना प्रदर्शन जारी रहा। अध्यक्षता राशिए संघर्ष समिति जिलाध्यक्ष गुलाबसिंह भगोरा ने की जबकि मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद् प्रदेशाध्यक्ष कमलकिशोर पारगी रहे। समिति पदाधिकारियों ने अपनी मांगो को दोहराते हुए संविधान के अनुच्छेद 244(1) व पांचवी अनुसूची के विशेषाधिकारों को संपूर्ण राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र में पूर्व रुप से लागू करवाने के साथ ही अनुच्छेद 15(4) व 16(4) के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत एसटी, एससी, ओबीसी व माईनॉरिटी व सामान्य वर्ग के लोगों को विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी नौकरी, पदोन्नति व प्रशिक्षण में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था लागू करने की मांग की। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से बार-बार धरना प्रदर्शन, महारैली व ज्ञान देकर जिलाधिकारियों व जनजाति सलाहकार परिषद् के सदस्यों, विधायकों को अवगत करवाया गया लेकिन किसी तरह की कार्यवाही नहीं की गयी। इन लोगों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर आयोजित सभा को रजनीश पारगी, उत्कर्ष पारगी, गोपाल ने भी संबोधित किया।

### युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** विषाक्त वस्तु सेवन कर युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जनवरी को मेडता निवासी गणेशलाल पुत्र नन्दलाल प्रजापत कुम्हार को विषाक्त वस्तु सेवन करने से अचेत होने पर परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय मेंभर्ती करवाया। जहां उसकी मौत होगई। सूचना मिलने पर एएसआई चुन्नीलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया। विषाक्त सेवन करने के कारणों का पता नहीं चल पाया। इसी तरह गत दिनों हुए सड़क हादसे में स्कूटी से गिरने पर घायल सिंघटवाड़ा जावरमाइन्स निवासी मांगीनाथ(47) पुत्र हिरानाथ को उपचारके लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया।जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।


### वॉलीबॉल प्रतियोगिता 11 से

**राजसमंद,०(निसं)।** श्री करणी क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्र स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 11 जनवरी से जिला मुख्यालय पर आयोजित होगी। क्लब सदस्य भंवरसिंह सोडावास ने बताया कि श्री करणी क्लब द्वारा गत 12 वर्षों से जिले में निरन्तर रूप से वॉलीबॉल के श्रेष्ठतम आयोजन करवा रहा है। इन आयोजन में सबसे पहले जिला स्तर संभाग स्तर फिर राज्य स्तर की प्रतियोगिता होती थी। लेकिन विगत 1० वर्षों से यह राष्ट्र स्तरीय आयोजन बन चुका है इस प्रतियोगिता में देश के कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब के साथ ही राजस्थान के उत्कृष्ट खिलाडी भाग लेते है। इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता 11 जनवरी से आयोजित हो रही है जिसमेअनेक राज्यो से खिलाडी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में इस बार महिलाओं की टीमें भी हिस्सा ले रही है जिससे इस प्रतियोगिता का रोमांच ओर बढ गया है। प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों से चल रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का किया निरीक्षण

**डूंगरपुर, (निसं)।** संयुक्त शासन सचिव भारत सरकार एवं प्रभारी अधिकारी रवि कुमार अरोडा ने रविवार को जिलें की साबला पंचायत समिति के गांव वणवासा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का निरीक्षण किया। अरोडा ने सभी विभागों के काउंटर पर जाकर वहां उपस्थित विभागीय अधिकारियों से केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान जिला परिषद सीईओ गितेशश्री मालवीय, पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा, एसीईओ भुवनेश्वर सिंह चौहान, साबला उपखंड अधिकारी सुनील कुमार, साबला थानाधिकारी रिजवान खान सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

अरोडा ने राजीविका के काउंटर पर महिला समूहों की ओर से तैयार की गई सौर ऊर्जा चलित बैट्री, स्ट्रीट लाइट, सौलर पैनल, बेट्री बेकअप टाइम आदि के बारे में जानकारी ली और उनके काम की सराहना की। आईसीडीएस के काउंटर पर आंगनबाडी केंद्रों पर पोषाहार वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। उपनिदेशक पंकज द्विवेदी ने बताया कि जिले में सभी आंगनवाडी केंद्रों पर रसोई गैस से पोषाहार बनता है और बच्चों को गर्म पोषाहार ही परोसा जाता है। वहीं पूर्व विधायक आसपुर गोपीचंद मीणा ने कुछ आंगनबाडी केंद्रों के किराये के भवन में चलने की ओर ध्यान दिलायाए इस पर उपनिदेशक पंकज द्विवेदी ने बताया कि जिले में 9० फीसदी से अधिक आंगनवाडी के पास खुद का भवन है। शेष आंगनवाडी केंद्रों के लिए भी भवन शीघ्र ही उपलब्ध हो जाएगा। चिकित्सा विभाग के काउंटर पर अरोडा ने सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता से पीएचसी सीएचसी की संख्या,संस्थागत प्रसव,शिशु मृत्यु दर, नियमित जांचों, एक्स-रे सुविधाएं प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड आदि की जानकारी ली। इसी प्रकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के काउंटर पर उन्होंने पीएम उज्ज्वला गैस धारकों के घर सिलेंडर री-फिलिंग कर सिलेंडर पहुंचाने पर कोई चार्ज तो नहीं लिया जाता है, काउंटर पर उपस्थित गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि सिलेंडर री-फिलिंग पर घर पहुंचाने पर कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं लिया जाता है। कैंप स्थल के पास ही ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिडकाव का प्रदर्शन भी किया गया। अरोडा ने कैंप में 6 महिला लाभार्थियों को पीएम उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन सौंपे। वहीं, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,पीएम आवासयोजना ग्रामीण आदि के लिए पंजीयन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कैंप में ही गोद भराई और अन्न प्राशन की रस्म अदा करवाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा किविकसितभारतसंकल्पयात्राजनसेवा से जुडा हुआ एक महत्वपूर्ण मिशन है। सभी अधिकारी.कार्मिक मानवीय एवं संवेदनशील दृष्टीकोण के साथ काम करते हुए स्वस्थ एवं समृद्ध राजस्थान का संकल्प साकार करें।



पवणवासा गांव में आयोजित संकल्प यात्रा शिविर में लाभार्थी को पंजीयन पत्र सौपतें संयुक्त शासन सचिव अरोड़ा।

### राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान, उदयपुर की ओर से लेकसिटी उदयपुर में दो दिनों तक चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस की राष्ट्रीय कांफ्रेंस अध्यतन का रंगारंग समापन रविवार को शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित सोलिटियर गार्डन में हुआ।

उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए अभिषेक संचेती ने बताया कि राष्ट्रीय कांफ्रेंस अध्यतन के दूसरे दिन सुबह सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ पहले सत्र का आगाज हुआ। दो दिवसीय कान्फ्रेन्स में इन्कम टेक्स, जीएसटी, कम्पनी अधिनियम, केपिटल मार्केट, सीए फर्मों की नेटवर्किगं व अमृत काल में देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलू समेत अनेक विषयों पर चर्चा हुई। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय कांफ्रेंस अध्यतन में देशभर से 1300 से अधिक प्रबुद्ध सीए ने भाग लिया जिन्होनें परस्पर एक.दूजे से संवाद कर आने वाले समय में भारतीय चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस संस्थान के आयोजन को और भी बेहतरीन तरीके से सफल बनाने एवं देशहित का संकल्प लिया।पहले सत्र में सीए हिमांशु गोयल ने धन शोधन निवारण अधिनियम के अन्तर्गत आर्थिक अपराध के बारे में जानकारी दी।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर होंगे धार्मिक आयोजन

**उदयपुर,(कासं)।**अयोध्या धाम में स्थित राममंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के असवर पर शहर के हिरणमगरी सेक्टर4स्थित दातापति हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

हनुमान मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया कि अयोध्या धाम में निर्मित राम मंदिर में होने वाले मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के असवर पर शहर के हिरणमगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पोष कृष्णा तृयोदशी मंगलवार से मंदिर में आने वाले भक्तों को आयोध्या से आये पिले अक्षत,पत्रक वितरण कर उन्हे 22 जनवरी पश्चात अयोध्या धाम आने का निमंत्रण दिया जाएगा। महंत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 16 जनवरी सवेरे राम पंचायत का अभिषेक होगा, सांय पंडित शंकरलाल पालीवाल, जयनारायण आमेटा के आचार्यत्व में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ होगा,17 जनवरी को सवेरे यज्ञ हवन होगा, भोजन प्रसादी होगी, सांय पंडित राजेश दास वैष्णव के मुखारविंद से संगीत मय नानीबाई का मायरा कार्यक्रम शुरू होगा जो प्रतिदिन सांय सात से दस बजे तक तीन दिन चलेगा।21 जनवरी को राडाजी मंदिर में कलश स्थापना होगी एवं एकादशी हवन होगा, 22 को तीनों प्रहरों की आरती होने के बाद सांय दिपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा। महतं रामदास वैष्णव ने इसके लिए सभी भक्तों से पांच-पांच दीपक घर से लाकर मंदिर में प्रज्ज्वलित कर दिपावली स्वरूप महोत्सव मनाने का आग्रह किया।



दातापति हनुमान मन्दिर में श्रृंगारित राम दरबार।

# घर -घर जाकर बांटे पूजित अक्षत

**राजसमंद, (निसं)।** अयोध्या से पूजित होकर आये अक्षत श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति ने नगर क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड, राजनगर व पसुन्द में घर-घर जाकर बांटे गए। प्रचार-प्रसार प्रमुख शिवम शर्मा ने बताया कि विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाते हुए भगवा पताकाओं के साथ घर-घर संपर्क किया। जिसमें बच्चों व मातृशक्ति ने भी भाग लिया। आमजन से आग्रह किया कि प्राण प्रतिष्ठा के इस ऐतिहासिक मौके पर सभी अपने घरों पर 5 दीपक जलाएं, रंगोली बनाए, दिपावली की तरह घरों की सजावट करें एवं मिठाई बांटकर उत्सव मनाए। 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे क्षेत्र के स्थानीय मंदिरो में आयोजित सामूहिक आरती व भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम में परिवार सहित सम्मिलित हो। साथ ही बताया हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र मे दुर्गा माता मंदिर और चित्तेश्वर महादेव मंदिर में तथा राजनगर क्षेत्र में श्रीराम सत्यनारायण मंदिर (चेतन दास आश्रम) तथा कांकरोली क्षेत्र मे श्री द्वारिकधीश मंदिर के प्रांगण में भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान नगर मंत्री दीपक रजक, सुरक्षा प्रमुख राजेन्द्र टांक, संयोजक रवि चौबीसा, सहसंयोजक मधुसुदन सोनी, सत्संग प्रमुख शशिकांत दीक्षित, रणजीतसिंह, युवराजसिंह, मधु हेडा, आशा अग्रवाल, सरोज श्रीमली, आरती सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बैठक आयोजित

**बांसवाड़ा, (निसं)।** व्यक्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण संगठन हैं क्योंकि व्यक्ति आते-जाते रहते है संगठन स्थाई है। उक्त उद्गार प्रदेश पर्यवेक्षक देवीलाल पाटीदार ने राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक में मुख्य अतिथि पद से व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय राष्ट्र प्रथम सिद्धान्त से प्रेरित संगठन है। प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में हर उप शाखा से नव पदस्थापित शिक्षकों को लाने की भी उन्होंने अपील की। साथ ही भारत के आदर्श पुरुष प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में सक्रिय भूमिका निभाने एवं आगामी सत्र में अधिक से अधिक अध्यापकों को संगठन से जोडने का आ ान किया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक दिनेश मईडा ने की जबकि विशिष्ठ अतिथि सुधीर भट्ट, दिलीप पाठक और रमेश व्यास रहे। अतिथियों का स्वागत भूषण त्रिवेदी, अरविंद पाठक, मणिलाल डामोर, मणिलाल पटेल, सुखलाल मकवाना, संदीप जैन, नरेंद्र सिंह राठौर, अनिल भट्ट, बलवीर सिंह राठौर, शशिकांत शर्मा, सरदार सिंह कटारा और अशोक मईडा ने पगडी पहनाकर किया। जिला प्रवक्ता जनक भट्ट ने बताया कि खुले सत्र में गढी उप शाखा अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह, अरथूना से जयेश उपाध्यक्ष, सज्जनगढ से सरदार सिंह डामोर और कुशलगढ से कन्हैयालाल ने 2008 के वेतन विसंगति, वाणिज्य विषय की पदोन्नति, चुनाव के दौरान प्रशिक्षण भोजन की व्यवस्था, बूथ पर मतदाता दल की समुचित व्यवस्था, एमएसीपी व्यवस्था, शहरी क्षेत्र में स्टाफ और भवन की व्यवस्था आदि समस्याएं रखी।

# विद्यापीठ में गुरूकुल शिक्षा पद्धति की होगी स्थापना : प्रो. सारंगदेवोत

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि की एकेडमिक कौन्सिल की बैठक रविवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 28 जून को आयोजित बैठक के कार्य विवरण को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई।

प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि ध्वस्त हुई प्राचीन ज्ञान शिक्षा प्रणाली को पुनर्जिवित करने के लिए विद्यापीठ आगामी सत्र से गुरूकुल शिक्षा केन्द्र की स्थापना करेगा। जिसमें भावी पीढी को प्राचीन ज्ञान, परम्परा, संस्कृति तथा उसके सामयिक महत्व से अवगत कराया जायेगा।

उन्होंने कहा कि एग्रीकल्चर महाविद्यालय में आगामी सत्र से पीएच डी शुरू करने के निर्णय के साथ 50 से अधिक शॉर्ट टर्म पाठ्यक्रम शुरू करने, जिसमें डिजिटल मार्केटिंग, हेल्थ एण्ड वेलनेस, फाईनेंस टेक्नोलॉजी, फेशन टेक्नोलॉजी, सोफ्ट स्किल, क्रिटिकल स्किल व विदेश जाने वाले विद्यार्थियों को दो डिग्री एक साथ करने, प्राचीन ज्ञान पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया। विद्यापीठ में प्रधानमंत्री कौशल योजना के तहत स्किल हब की स्थापना की जायेगी। बैठक में आईक्यूएसी द्वारा दिये सुझावों, प्रस्तावों एवं नवीन पाठ्यक्रम संचालित करने पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए। संस्थान के सभी विभागाध्यक्ष माह में एक बार नेक के अनुसार अपने विभाग का प्रजेंटेशन देंगे।

बैठक सभी संकायों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार पाठ्यक्रम, नवीन संकाय पर विस्तृत चर्चा की गई व उनमें आई कठिनाईयों का समाधान बताया। बैठक में विकसित भारत, नशा मुक्ति अभियान के तहत सभी संकायों में सेमीनार, गोष्ठी, जागरूकता शिविर आदि लगाने पर जोर दिया।

महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं से सम्बंधित शॉर्ट टर्म कोर्स सिखाये जायेंगे जिससे महिलाएं अपने क्षेत्रों में ही स्वयं का रोजगार प्रारंभ कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण कर सकेगी, जिससे शहरों की ओर पलायन भी कम होगा।

प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि नेशनल स्किल काउन्सिल के आईटी - आईटीईएस के साथ हुए एमओयू के अन्तर्गत इमरजिंग टेक्नोलॉजी के सर्टिफिकेट कोर्स कराये जायेंगे, इसके साथ ही एमएससी इन ओस्टियोंपेथी के पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय किया गया। निजी सचिव केके कुमावत ने बताया कि बैठक में रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली, पीजीडीन प्रो. जीएम मेहता , परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. जीवन सिंह खरकवाल, डॉ. युवराज सिंह , डॉ. शैलेन्द्र मेहता, डॉ. एसबी नागर, प्रो. मंजु मांडोत, डॉ. राजन सूद, डॉ. नीरू राठौड़, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. सुनील चौधरी, डॉ. शिल्पा कठांलिया, प्रो. एसएस चौधरी, डॉ. सपना श्रीमाली, डॉ. कुल शेखर व्यास, डॉ. अपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. भूरालाल श्रीमाली, डॉ. संतोष लाम्बा, गजेन्द्र सिंह, उदयभान सिंह, डॉ. अलकनंदा शर्मा, डॉ. हेमंत साहू, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. गुणबाला आमेटा, डॉ. जयसिंह जोधा सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्षों ने भाग लिया।



विद्यापीठ में एकेडमिक कौन्सिल की बैठक कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

### चयन ट्रायल कल

**राजसमंद, ०(निसं)।** 49वीं जूनियर राजस्थान राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता (बालक व बालिका वर्ग) की चयन ट्रायल मंगलवार को बजरंग स्पोर्ट्स अकादमी शिव चौराया दरीबा रोड रेलमगरा में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। चयनित खिलाडी प्रशिक्षण उपरांत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 17 से 2० जनवरी तक उदयपुर में भाग लेंगे।

## सार-समाचार

### सुंदरकाण्ड का आयोजन



**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव पीपली आचार्यान के मंगरी वाले हनुमान मंदिर पर गांव के युवाओं ने सामूहिक सुंदरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया। साथ ही आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम के आयोजक कैलाश कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर बालाजी का आकर्षक श्रृंगार किया गया और सभी ने सामूहिक रूप से संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ किया। महाआरती के बाद 51 किलो खीर का प्रसाद धराया गया। इसके बाद कुमावत युवा शक्ति के प्रदेशध्यक्ष रतनलाल नंदोलिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाई गई। इस दिन सुबह से अखंड रामधुन का आयोजन किया जाएगा। दोपहर प्राण प्रतिष्ठा के बाद आरती और प्रसाद वितरण होगा। बाद में हाथी घोडे और डीजे की धुन पर नगर में प्रभु श्रीराम की भव्य झांकी निकाली जाएगी। इस दौरान कैलाश कुमावत, हेमराज कीर, किशन, पिंटू प्रजापत, शंभू कुमावत, देवीलाल कीर, त्रिलोक कुमावत, भगवानलाल कुमावत, बद्रीलाल कुमावत, किशनसेन, किशन कुमावत, कैलाश कुमावत, चेतन कुमावत, कैलाश, मदन, अरुण, सावन, शंकर, प्रदीप, छगन, भंवरलाल, उदल सेन सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धोखे से नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज से जमीन की रजिस्ट्री करवा पीडित से नकदी हडपने का प्रकरण आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वल्लभनगर निवासी बाबूलाल पुत्र लच्छीराम डांगी ने आरोपी पुष्पेन्द्र ट्रेलर पुत्र मदनलाल निवासी बाठेडा कला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। किआरोपी ने योगेश व्यास नामक व्यक्ति की जमीन का का पावर अपने पास होने की बात बता कर बेचने का प्रस्ताव रखा। इस पर गत दिनों 13 लाख में सौदा तय होने पर एक लाख रूपये चैक से तथा 46 हजार रूपये नकद देकर एठाीमेंट कियां कुछ दिनों बाद पता चला कि आरोपी द्वारा जिस जमीन को बेचने का एठाीमेंट किया वह योगेश व्यास का नहीं होकर किसी अन्य का होना पाया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### कूटरचित दस्तावेज बनाने का मामला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने पीडित की दादी के नाम की जमीन के कूटरचित दस्तावेज बना कर जमीन अपने नाम कराने का आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीडित नरेन्द्र कुमार पण्ड्या पुत्र मथुरालाल निवासी न्यू रामपुरा कॉलोनी ए सीसारमा ने लोकेश चौधरी, जयंत चौधरी, बसन्तीलाल बापना, सोहनलाल जोशी, राजकुमार सर्राफा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि मेरी दादी के नाम ढीकली गांव में जमीन है। जिस पर हम काबीज होकर उपयोग कर रहे है।12 दिसंबर 2023 को आरोपी जमीन पर आए तथा लाईनिंग करना शुरू किया। एतराज किया तो धमकाना शुरू कर जमीन खाली करने की धमकी देकर चले गए। इस संबंध में पडताल की तो दादी की मृत्यु के पश्चात आरोपियों द्वारा तैयार दस्तावेज से जमीन सुन्दरलाल, सोहनलाल जैन, राजकुमार सर्राफा ने अपने नाम रजिस्ट्री करवा ली।जबकि दादी व परिवार के किसी भी व्यक्ति ने जमीन बेचने का सौदा नहीं किया। इस मामलें में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### मकान व स्कूल से सामान चोरी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सविना थाना क्षैत्र में स्थित मकान से चोर सोने चांदी के जवर व नकदी तथा विद्यालय से अज्ञात चोर सामान चुरा ले गए। पुलिस से प्रापतजानकारी के अनुसार पीडित अमरसिंह पुत्र नारायण सिंह राठौड निवासी साई बिहार डाकन कोटडा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि 5जनवरी को मकान परताला लगा कर परिवार सहित ससुराल गया था। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था एवं सामान बिखर पडा था। तलाशी ली तो एलईडी, चांदी की चेन, सोने का मादलिया, सिलाई मशीन व 20 हजार रूपेय नकदी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल कालुलाल कर रहे है। इसी तरह सविना थाना क्षैत्र एकलिंगपुरा स्थित राजकीय उच्च माध्यममिक विद्यालय का 4 जनवरी 2024 रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर एलईडी टीवी तथा प्रिंटर चुरा ले गए। इसका पता चलने पर कनिष्ठ लिपिक दिलिपसिंह पुत्र शिवसिंह राठोड़ ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच हेडकांस्टेबल बीनेश कुमार कर रहे है।

### धोखे से शादी करा नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखे से पुत्री की शादी करवा पीडित से नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नरेशचन्द्र जणवा पुत्र शंकरलाल निवासी पालीवाल कॉलोनी पालीवाल डेयरी के पिछे शिवनगर पहाड़ा ने आरोपी तुलसीराम पुत्र भंवरलाल जणवा निवासी नवानिया वल्लभनगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि मेरी पत्नी के घर छोड कर चले जाने पर दूसरी शादी करने की बात आरोपी से की। इस पर आरोपी ने अपनी पुत्री का विवाह वर्ष 2021 में करवाया। इस दौरान पांच लाख रूपये उधार दिए तथा जेवरात दिए। चार माह रहने के बाद आरोपी की पुत्री घर छोड़ कर चली गई। इस संबंध में संपर्क करने पर आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### अवैध गांजा जब्त,दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** बैकरिया थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान दो आरोपी को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से अवैध गांजा बरामद किया। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान 6 जनवरी को बैकरिया थानाधिकारी प्रभुसिंह चुण्डावत के नेतृत्व में गठित दल ने कोटड़ा रोड़ पर वाहन तलाशी के दौरान दो बैग पाए गए। जिनकी तलाशी ली तो उसमें 12 किलों 900 ठााम अवैध गांजा पाया गया। इसपर अर्जुन पुत्र मवेश पंडित निवासी रधुवीर नगर दिल्ली व अर्जुन पुत्र गणपत वैष्णव निवासी जोधपुर बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर गांजा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।


**SRG HOUSING FINANCE LIMITED**

(CIN: L65922RJ1999PLC015440)

321. S M Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur-313001(Rajasthan), Phone 0294-2561882 E-mail: info@srghousing.com Website: www.srghousing.com

**PHYSICAL POSSESSION NOTICE RULE 8(1) (For Immovable Property)**

Whereas, the undersigned being the authorized officer of SRG Housing Finance Limited, 321, SM Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur – 313001 (Rajasthan), under the Securitization And Reconstruction of Financial Assets and Enforcement Of Security Interest Act, 2002 and in exercise of power conferred under section 13(12) read with rule 3 of Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, issued demand notices on the dates mentioned against each account calling upon the respective borrowers/co-borrowers/mortgagors/guarantors, to repay the amount as mentioned against each account within 60 days from the date of receipt of the said notices. The borrowers/co-borrowers/mortgagors/guarantors having failed to repay the amount, notice is hereby issued to the borrowers/co-borrowers/mortgagors/guarantors and the public in general, that the undersigned has taken physical possession of the properties described herein below in exercise of powers conferred on him under section 13(4) of the said Act, read with rule 9 of the said rules, on the dates mentioned against each account. The borrowers/co-borrowers/mortgagors/guarantors in particular and public in general are hereby cautioned Not to deal with the properties and any dealing with the properties will be subject to the charge of SRG Housing Finance Limited, 321, SM Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur – 313001 (Rajasthan), for the amounts mentioned below plus future interest and cost/charges thereon until the realization.
The Borrowers/Co-borrowers/Mortgagors/Guarantors attention are invited to the provisions of sub-section (8) of section 13 of the said Act, in respect of time available to redeem the available secured assets.

| S. NO. | Loan Account Number (Lan)/ Borrowers/ Co-borrowers/ Guarantors | 1) Date Of Demand Notice 2) Date Of Physical Possession 3) Claim Amount As Per Demand Notice | Description Of Immovable Property |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR00000000003370 Dinesh Mittal S/o Nannu @nandu Lal (Borrower) Mr. Nannu Alias Nandu Lal S/o Ramewshwar Lal (Co-Borrower-1) Mr. Sweta Mittal W/o Dinesh Mittal (Co-Borrower-2) Mr. Prakash Kumar S/o Daya Ji (Guarantor-1) Jignesh Kumar Trivedi S/o Amrit Lal (Guarantor-2) | 1. Date Of Demand Notice- November 27, 2018 2. Date Of Physical Possession– January 05, 2024 3. Claim Amount As Per Demand Notice– ₹ 8,69,673/- Rupees Eight Lakh Sixty Nine Thousand Six Hundred Seventy Three Only As On November 24, 2018 Plus Future Interest, Incidental Expenses, Cost, Charges, Etc. W.e.f. November 25, 2018 | All That Piece And Parcel Of Land Owned By:- In The Name Of Mr. Nannu Alias Nandu Lal S/o Rameshwar Lal Agarwal Having Patta No. 1, Village– Mer Mandwara, Gram Panchayat– Mer Mandwara, Tehsil-Sirohi, District–Sirohi, (Rajasthan) Land Area Of-1316 Sq. Ft. Surrounded By:- East- Jain Samaj Podhshala, West- Owner's House, North- Aam Rasta And Door, South - Rajputo Ka Vas |

PLACE:- Udaipur
DATE:- 08-01-2024

SD/-
Authorized Officer, SRG Housing Finance Limited